1	2	3	4
12	टेलीफोन व्यय	0.50	0.35
13	दुभाषियों और मार्गदर्शकों का शुल्क	0.25	0.21
14	विविध व्यय और अन्य मदें	0.75	0.61
15	स्टेशनरी	0.25	0.15
16	फर्नीचर/उपकरणों का किराया	0.35	0.28
17	डाक और तार	2.00	1.18
18	भारतीय पैनोरमा	0.75	—
19	बाजार विभाग पर 50 प्रतिशत	1.75	—
	योग	38.84 अर्थात् 39.00	46.34

सातवें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में नियुक्त किये गये व्यक्ति

178. **श्री हरगोविन्द वर्मा :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में कितने व्यक्ति नियुक्त किए गए थे;

(ख) उनकी नियुक्ति किस आधार पर की गई थी; और

(ग) क्या इन व्यक्तियों की भर्ती रोजगार कार्यालयों के माध्यम से की गई थी और यदि नहीं, तो क्यों ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) 42 दैनिक मजूरी वाले कर्मचारी—26 मैसेंजर/मजदूर, 10 टाइपिस्ट–व–लिपिक, 5 स्टेनोग्राफर और एक लेखाकार—और 72 वालेंटियर मार्गदर्शक और अशर ।

(ख) व्यक्तियों के चयन की कसौटी इस प्रकार थी:—

श्रेणी	चयन की कसौटी
1. मजदूर	शारीरिक कार्य करने के योग्य ।
2. मैसेंजर	बुद्धि दर्शनीयता, पढ़ने और लिखने की क्षमता और विषम समय वाली ड्यूटी करने की इच्छुकता ।
3. टाइपिस्ट और स्टेनोग्राफर	हुनर की परीक्षा और लम्बे और और विषम समय वाली ड्यूटी करने के लिए व्यक्तियों की उपलब्धता ।
4. लेखाकार	व्यावसायिक योग्यता और लेखा कार्य करने में विशेषज्ञता ।
5. वालंटियर मार्गदर्शक और अशर	सिनेमा में रुचि अधिमानत: किसी विदेशी भाषा की जानकारी और दर्शनीयता, आदि ।

(ग) तीन मजदूरों को छोड़ कर शेष सभी मजदूर सभी मैसेंजर और लेखाकार रोजगार कार्यालय द्वारा नामित व्यक्तियों में से रखे गए थे । तीन मजदूरों को फिल्मों की प्रिंटों की निकासी का अचानक हो गए अधिक काम को करने के लिए आपातकालीन आधार पर रखा गया था । जहां तक टाइपिस्टों और स्टेनोग्राफरों का सम्बन्ध है रोजगार कार्यालय ने पर्याप्त संख्या में व्यक्ति नहीं भेजे थे, अतः आवेदन-पत्र समाचारपत्रों में विज्ञापन के माध्यम से आमंत्रित किये गए थे । वालंटीयर मार्गदर्शक और अशरों का चयन विदेशी भाषा विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, विदेशी भाषा संस्थान, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नेशनल स्कूल आफ ड्रामा और विभिन्न कालेजों की फिल्म सोसाइटियों जैसे संस्थानों की सिफारिशों के आधार पर किया गया था ।

सातवें फिल्म समारोह के दौरान नियुक्त किए गए व्यक्ति

179. **श्री हरगोविन्द वर्मा :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवें फिल्म समारोह के दौरान नियुक्त किए गए व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उनमें से प्रत्येक व्यक्ति को उस अवधि के लिए कितनी धनराशि दी गई ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) और (ख). सूचना विवरण में दी गई है, जो सभा पटल पर रखी गयी है । [**ग्रन्थालय में रखा गया, देखिये संख्या** LT—3270/79]